✓ Keybooks are freely available at our website http://www.ProgressPublishers.com

## उत्तर पुस्तिका

# भाषा माधुरी

## 6

प्रोग्रेस पब्लिशर्स
कृष्णा नगर, दिल्ली 110051

EMAIL : progresspublishers@gmail.com

# 1. वर्षा ऋतु

- क. मिट्टी वर्षा की प्रथम फुहारों से महक उठती है ।
  ख वर्षा ऋतु आने पर खुशी से मयूर नाचने लगते हैं ।
  ग. मेढक टर्र-टर्र की ध्वनि निकालता है ।
  घ. वर्षा ऋतु में वर्षा जल संरक्षित करने की आवश्यकता होती है ।

1. क. वर्षा ऋतु आने पर सूखी नदियों और तालाबों को नवजीवन प्राप्त होता है
   ख. दादुर की टर्र-टर्र सुनकर सबका मन हर्षित होता है ।
   ग. वर्षा के दौरान चल रही शीतल समीर सभी की पीड़ा हर लेती है यह देख मन धैर्य धारण कर रहा है ।
   घ. हमें निरोगी रहने के लिए स्वच्छ जल पीना चाहिए ।

2. क. कविता में कवि ने जल की तुलना निम्न प्रकार से की है-
   - जल को जीवन बताया है क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है ।
   - जल को संसार का सार बताया है क्योंकि यह संपूर्ण सृष्टि जल के बिना कुछ नहीं है ।
   - कवि ने जल को औषधि एवं अमृत की उपमा देते हुए जल को स्वच्छ एवं पवित्र रखने की सीख दी है ।

   ख. वर्षा ऋतु आने पर प्रकृति में सुंदर पविर्तन होते हैं, वर्षा की प्रथम फुहार से ही सारी मिट्टी महक उठती है, सुंदर मयूर नाचने लगते हैं, कोयल की प्यारी आवाज गूंजने लगती है, चारों तरफ हरियाली दिखने लगती है, फसलें, पेड़, डालियाँ आदि सभी मस्ती में झूमने लगती हैं । सूखे नदी-तालाबों को मानो नया जीवन प्राप्त होता है । शीतल पवन सभी विपदाओं को हर लेती है और सभी को प्रसन्नकर देती है ।

   ग. धरती पर 70% प्रतिशत पानी है यह तो हम भलीभांति जानते हैं किंतु उसमें केवल 3% प्रतिशत ही उपयोगी है इसलिए हमें वर्षा का जल संरक्षित करने की आवश्यकता है । वर्षा हमें उतना जल देती है जितने की हमें आवश्यकता होती है । जल के बिना जीवन संभव न होने के कारण हमें वर्षा के जल को संरक्षित करने की आवश्यकता है ।

3. क. जीवन जल को बताया गया है ।

ख. जल संसार का सार है ।

ग. जल को स्वच्छ रखना चाहिए ।

4. क. कोयल
ग. फसलें

ख. हरियाली
घ. शीतल समीर

**शब्द संग्रह**

1. क. मिट्टी
ग. धरती

ख. दादुर
घ. स्वच्छ

2. क. बगीचे में **सुंदर** फूल खिले हैं ।

ख. कौए ने अपनी बुद्धिमता के उपयोग से अपनी **प्यास** बुझाई ।

ग. **वर्षा** के आगमन से हमारा मन प्रसन्न हो जाता है ।

घ. जल जीवन के लिए **अमृत** समान है ।

ड. आधुनिक युग में **संदेश** पहुँचाने के कई माध्यम उपलब्ध है ।

**भाषा कौशल**

1. क. क् + ओ + य् + अ + ल् + अ

ख. म् + अ + य् + ऊ + र् + अ

ग. ड् + आ + ल् + ई

घ. घ् + अ + न् + अ + घ् + ओ + र् + अ

2.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ज्ञानी | आश्रम | सुरक्षा | त्राहि | परिश्रम |
| अक्षर | अज्ञात | आश्रित | चित्र | विज्ञान |

3.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अनुस्वार | गंगा | मंगल | चंदन | कंगन |
| विसर्ग | प्रात: | अत: | पुन: | नम: |

- क. पाया - हर्षाया
ग. होती - मोती

ख. छाए - आए
घ. मित्र - पवित्र

# 2. कर्तव्य पालन

- क. डॉक्टर साहब गोल्फ खेलते थे ।

  ख. वृद्ध ने अपने साथ आए दो व्यक्तियों को डोली उठाने को कहा ।

  ग. कैलाश को साँप ने डस लिया था ।

  घ. डॉक्टर साहब छावनी के पास बँगले में रहते थे ।

1. क. डॉक्टर साहब ने वृद्ध व्यक्ति के पुत्र को देखने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि वह उनका मरीज देखने का समय नहीं था ।

   ख. डॉक्टर साहब ने पुत्र कैलाश के जन्मदिन के लिए समारोह आयोजित किया था ।

   ग. मृणालिनी ने कैलाश से साँपों को दिखाने का आग्रह किया ।

   घ. कैलाश को साँप पालने एवं उनकी आदतों का अध्ययन करने तथा जड़ी-बूटियाँ जमा करने का शौक था ।

   ड. डॉक्टर साहब ने कैलाश को ठीक करने वाले के लिए दस हजार रुपये का इनाम रखा था ।

2. क. वृद्ध व्यक्ति ने घुटने टेककर जमीन पर सर रखते हुए डॉक्टर साहब से हाथ जोड़कर निवेदन किया, कि वे केवल एक बार उसके इकलौते बच्चे को देख ले, उसकी जान खतरे में थी, वह कई दिनों से बीमार था । वृद्ध ने अपने एकमात्र सहारे की जान बचाने के लिए डाक्टर से दया की भीख मांगी किंतु डॉक्टर साहब मोटरगाड़ी में बैठ कर चल दिए ।

   ख. साँप द्वारा काटे जाने पर डॉक्टर साहब ने सुझाया कि अँगुली काट दी जाए परंतु कैलाश ने डॉक्टर साहब की बात को मानने से मना कर दिया क्योंकि उसे जड़ी-बूटियों पर पूरा विश्वास था ।

   ग. भगत डॉक्टर के बेटे को देखने जा ही रहा था कि इतने में उसने दो आदमियों को आपस में बात करते हुए सुना, 'डॉक्टर चड्ढा का तो घर ही उजड़ जाएगा । बेचारे का एक ही बेटा है ।' रात के सन्नाटे में डॉक्टर साहब के घर से रोने-पीटने की आवाजें सुनाई दे रही थीं । यह सब सुन भगत तेज कदमों से चलने लगा ।

   घ. कैलाश का उपचार भगत ने किया । एक ओर सहयोगियों ने कैलाश के ऊपर पानी डालना प्रारंभ किया और भगत बीच-बीच में उसे जड़ी-बूटी सुंघाते रहे, धीरे-धीरे कैलाश ने अपने नेत्र खोल लिए ।

3. क. डॉक्टर चड्ढा पचास वर्ष के थे ।
   ख. कैलाश के जन्मदिन का समारोह था ।
   ग. समारोह में शहर के कई गणमान्य लोग और कैलाश के मित्र आए हुए थे ।
   घ. ज् + अ + न् + म् + अ + द् + इ + + न् + अ
   ग् + अ + ण् + अ + म् + आ + न् + य + अ

4. क. अपने बेटे को
   ख. पिटारों से
   ग. नारायणी
   घ. डॉक्टर चड्ढा के लिए
   ङ. परोपकार करने के लिए

**शब्द संग्रह**

1. ख. सहपाठी
   ग. लाठी
   घ. गणमान्य
   ङ. चौकीदार

2. क. **संध्या** के समय बच्चे पार्क में खेल रहे थे ।
   ख. **संसार** में हमें मिल-जुलकर रहना चाहिए ।
   ग. विनय ने अध्यापिका से गणित का सवाल पुन: समझाने का **आग्रह** किया ।
   घ. भूकंप की अफवाह सुन बहुमंजिला इमारत में **भगदड़** मच गई ।
   ङ. हमें ईश्वर में श्रद्धा रखनी चाहिए ।

3. क. नजरअंदाज
   ख. जड़ी-बूटियाँ
   ग. समारोह
   घ. सहपाठी
   ङ. जहरीला

**भाषा कौशल**

1. क. राजेंद्र
   ख. हिमालय
   ग. गजानन
   घ. वार्तालाप
   ङ. गिरीश
   च. सदानंद

2. क. गज + इंद्र
   ख. परम + आत्मा
   ग. भाव + अर्थ
   घ. परम + आनंद

# 3. समानता के समर्थक – मंडेला

- क. नेल्सन मंडेला को नेल्सन नाम स्कूल के अध्यापिका ने दिया था ।
  ख. नेल्सन मंडेला को कारागार में सत्ताइस वर्ष रहना पड़ा ।
  ग. नोबेल शांति पुरस्कार से नेल्सन मंडेला को सन् 1993 में सम्मानित किया गया ।
  घ. दक्षिण अफ्रीका के सर्वप्रथम अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला बने थे ।

1. क. नेल्सन मंडेला को मजदूरों को हड़ताल के लिए उकसाने और बिना अनुमति देश छोड़ने के आरोप में बंदी बना लिया गया था ।
   ख. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंडेला के जन्मदिन को 'मंडेला दिवस' इसलिए घोषित किया क्योकि इन्होंने रंगभेद विरोधी संघर्ष से समाज में शांतिपूर्ण बदलाव किया था ।
   ग. दक्षिण अफ्रीका के नए संविधान की संरचना में श्वेत-अश्वेत और स्त्री-पुरुष की समानता पर विशेष बल दिया गया था ।
   घ. हमारा परम कर्तव्य शांति, अहिंसा, समानता, सेवा और भाईचारे की भावना को बनाए रखना है ।

2. क. नेल्सन मंडेला को शांति स्थापना, श्वेत अश्वेत में समानता, मानवाधिकारों की रक्षा और लैंगिक समानता की स्थापना के लिए किए गए सतत प्रयासों के लिए जाना जाता है ।
   ख. राष्ट्रपति बनने के बाद नेल्सन मंडेला का मुख्य उद्देश्य नए संविधान की संरचना करते हुए श्वेत-अश्वेत और स्त्री-पुरुष की समानता पर विशेष बल देना था ।
   ग. अंतर्राष्ट्रीय गाँधी शांति पुरस्कार अहिंसा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने वाले लोगों को दिया जाता है।
   घ. नेल्सन मंडेला ने नई दिल्ली में हुए सम्मेलन में अपने वीडियो संदेश में कहा – 'दक्षिण अफ्रीका में हुए शांतिपूर्ण बदलाव में गाँधी जी की विचारधारा का बड़ा योगदान रहा इन्हीं के सिद्धांतों के बल पर ही रंगभेद की घृणित नीति के कारण समाज में जो गहरा भेदभाव था वह खत्म हो सका।

3. क. रोलिहलहला        ख. बारह वर्ष        ग. भारतरत्न

**शब्द संग्रह**

1. क. उम्रकैद　　　ग. शांतिपूर्ण
   ख. बहुमत　　　घ. असंभव

2. क. हमें अपने बड़ों की **अनुमति** के बिना कोई कार्य नहीं करना चाहिए ।
   ख. प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता में प्रथम आए खिलाड़ी को **पुरस्कार** से सम्मानित किया ।
   ग. सभी ग्राम वासियों के **योगदान** से इस मंदिर का निर्माण हुआ है ।
   घ. हमें माता-पिता का **सम्मान** करना चाहिए ।

• क. गोरा व्यक्ति डिब्बे में दाखिल होते ही हिंदुस्तानी युवक को देखकर गुस्सा हो गया था ।
  ख. हिंदुस्तानी युवक ने गोरे के गुस्से होने पर उससे कहा कि 'मेरे पास पहले दर्जे का टिकट है ।'
  ग. चलती गाड़ी में हिंदुस्तानी युवक को उठाकर बाहर फेंक दिया गया ।
  घ. मोहनदास करमचंद गाँधी ने संकल्प किया कि इस अन्याय और रंगभेद के खिलाफ जीवनभर संघर्ष करूँगा ।

**भाषा कौशल**

1. क. भ्रमण　　　च. धैर्य
   ख. तटवर्ती　　　छ. निर्मल
   ग. अर्पण　　　ज. प्रधान
   घ. समुद्र　　　झ. ड्रामा
   ड. प्रजा　　　ञ ट्रैक्टर

2.

| **मूल रूप** | **( र्‍ ) रूप** | **( ्र ) रूप** | **( ्र ) रूप** |
|---|---|---|---|
| रंग | संघर्ष | प्रेरणा | राष्ट्रपति |
| पुरस्कार | कर्तव्य | अफ्रीका | राष्ट्र |
| कारागार | वर्ष | उम्रकैद | अंतर्राष्ट्रीय |

•

| **तत्सम शब्द** | **तद्भव शब्द** | **देशज शब्द** | **विदेशी शब्द** |
|---|---|---|---|
| अग्नि | पाँच | खटखटाना | जहाज |
| घृत | सच | पगड़ी | किताब |
| मुख | खीर | झटपट | डॉक्टर |

# 4. डॉ. कलाम का विद्यार्थियों के साथ एक संवाद

- क. डॉ. कलाम को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है ।
  ख. विद्यालय में डॉ. कलाम का सबसे अच्छा मित्र रमानाथ शास्त्री था ।
  ग. डॉ. कलाम ने बच्चों को प्रश्नों को स्रोत कहा है ।
  घ. पाँचवीं कक्षा में कलाम के शिक्षक शिव सुब्रहमण्यम अय्यर थे ।

1. क. भाग्य के विषय में डॉ. कलाम का कहना है कि भाग्य भी तुम्हारा साथ तभी देगा जब तुम अपना कार्य परिश्रमपूर्वक करते रहोगे । कहा भी गया है- ईश्वर भी उसी की मदद करता है, जो अपनी मदद स्वयं करता है ।
   ख. डॉ. कलाम के अनुसार, विज्ञान और गणित के सूत्र विद्यार्थी स्थिर भाव से पुनरावृत्ति, अर्थात् बार-बार अभ्यास के द्वारा याद रख सकता है ।
   ग. डॉ. कलाम के अनुसार, स्वयं की सुरक्षा की परवाह न करते हुए दूसरों को विपत्ति से बचाना ही साहस है ।

2. क. डॉ. कलाम के जीवन का सबसे अधिक खुशी का दिन वह था जब वे चिकित्सकों के साथ पोलियो ग्रस्त बच्चों से हल्का भार उठाकर उनके स्वास्थ्य सुधार के विषय में जानने के लिए एक प्रयोग कर रहे थे । प्रयोग के दौरान उनके स्वास्थ्य में सुधार देखकर प्रसन्नता से बच्चों के माता-पिता की आँखें भर आईं । उन सबके चेहरे की प्रसन्नता ने मुझे भाव-विभोर कर दिया और यह दिन मेरे जीवन का सबसे अधिक खुशी का दिन था ।
   ख. डॉ. कलाम के बचपन की एक अविस्मरणीय घटना कक्षा पाँचवी के शिक्षक श्री शिवसुब्रहमण्यम अय्यर के साथ की है। एक बार वे अपने व्याख्यान में पढ़ा रहे थे कि पक्षी कैसे उड़ते हैं? उन्होंने छात्रों को यह रामेश्वरम के समुद्र तट पर ले जाकर जीवंत उदाहरण देकर सिखाया । वह एक ऐसा अवसर था जो डॉ. कलाम को हमेशा याद रहा ।
   ग. एक अच्छा इंसान बनने के लिए डॉ. कलाम ने सुझाव दिए कि कठिन परिश्रम तथा आध्यात्म के साथ-साथ संयुक्त वैज्ञानिक व्यवहार तुम्हें एक अच्छा इंसान बनाएगा और दूसरों से अच्छाई प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करो ।

घ. देश की युवा पीढ़ी से डॉ. कलाम ने उनके विचारों को जीवन में उतारने का आग्रह किया । उनके दो विचार निम्नलिखित हैं ।

- मैं अपनी शिक्षा पूरी करूँगा, इसे समर्पण के साथ करूँगा और इसमें अग्रणी बनूँगा ।
- मैं हर परिस्थिति में ईमानदार रहूँगा और भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाने का प्रयास करूँगा ।

3. क. 'उन्होंने' शब्द डॉ. कलाम के शिक्षक श्री शिवसुब्रहमण्यम अय्यर के लिए प्रयुक्त हुआ है ।

ख. कभी न भूलने योग्य ।

ग. अध्यापक द्वारा दिया गया जीवंत उदाहरण डॉ. कलाम की विज्ञान के अध्ययन को आगे बढ़ाने में सहायता करता है ।

4. क. ग्यारहवें     ग. चिकित्सकों के साथ

ख. विज्ञान एवं गणित     घ. विज्ञान

**शब्द संग्रह**

1. क. आर्यभट प्राचीन भारत के एक महान वैज्ञानिक थे ।

ख. सभ्य समाज का निर्माण शिक्षित व्यक्ति ही कर सकते हैं ।

ग. परिश्रम का फल मीठा होता है ।

घ. दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत कर पर्व है ।

2. क. ईश्वर     ग. अच्छाई

ख. प्रश्नों     घ. असीमित

**भाषा कौशल**

- क. **रि**मझिम वर्षा ने भीषण गर्मी से प्राणियों को राहत दी ।

ख. **ऋ**ग्वेद सनातन धर्म का सबसे आरंभिक स्रोत है ।

ग. भारत में छः **ऋ**तुएँ होती हैं ।

घ. प**रि**श्रम ही सफलता की कुंजी है ।

ड. विश्वामित्र वैदिक काल के एक विश्व-विख्यात **ऋ**षि थे ।

1. क. उपसर्ग युक्त शब्द — विज्ञान   अविस्मरणीय   परिस्थिति

ख. प्रत्यय युक्त शब्द — प्रसन्नता   ईमानदार   सफलता

2. क. सु — सुपात्र   सुपुत्र   सुशिक्षित

3\. क. शुद्धता　　ख. हिस्सेदार　　ग. आवश्यकता

घ. मालदार　　ङ. सभ्यता

- क. **चाँद** रात में रोशनी देता है ।

  ख. **प्रातःकाल** की सैर शरीर के लिए लाभदायक है ।

  ग. प्रयागराज तीन नदियों का **संगम** स्थल है ।

  घ. हमें अपने **दाँत** अच्छी तरह से साफ करने चाहिए ।

## 5. नारियल का प्रदेश – केरल

- क. केरल के दो पड़ोसी राज्य तमिलनाडु और कर्नाटक हैं ।

  ख. केरल का शास्त्रीय नृत्यनाटक कथकली है ।

  ग. पुन्नमदा झील में सर्पनौका दौड़ का आयोजन किया जाता है ।

  घ. कोच्चि बंदरगाह 'अरब सागर की रानी' के रूप में भी जाना जाता है ।

1\. क. प्रकृति की अनुपम छटा से युक्त केरा (नारियल) के वृक्षों की कतारों के कारण इस राज्य का नाम 'केरल' पड़ा ।

ख. वेंबनाड झील की विशेषता यह है कि वह केरल की सबसे बड़ी और देश की सबसे लंबी झील है ।

ग. पेरियार अभयारण्य में हाथियों के समूह को एक साथ घूमते-फिरते और क्रीड़ा करते देखना बड़ा ही आनंदकारी लगता है ।

घ. कोवलम समुद्री तट, घाटियाँ, नेय्यर बाँध, पोमुड़ी पहाड़ी, वेबनाड झील, पेरियार अभयारण्य आदि केरल के प्रमुख प्रर्यटन स्थल हैं ।

2\. क. सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक परंपरा के क्षेत्र में इस प्रदेश की समृद्धि, यहाँ के लोगों के रहन-सहन, रीति-रिवाजों तथा त्योहारों में देखी जा सकती है । पारंपरिक और आधुनिकता के बीच ताल-मेल के जरिए विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करते हैं ।

ख. ओणम त्योहार से संबंधित राजा महाबलि की कथा प्रचलित है ऐसा माना जाता है कि ओणम के दिन राजा महाबलि अपनी प्रजा से मिलने आते हैं और प्रजा बेहद उल्लास तथा उत्साह से उनका स्वागत करती है। इस

दिन घरों को खूब अच्छी तरह सजाया जाता है । साथ ही राजा महाबलि और भगवान विष्णु की मूर्तियों को लाकर उनकी पूजा की जाती है ।

ग. केरल को 'मसालों का प्रदेश' इसलिए कहा जाता है क्योकि मसालों के उत्पादन में केरल की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है और यहाँ काली मिर्च, सुपारी, हल्दी, जायफल, दालचीनी, इलायची, लौंग की खेती भी यहाँ प्रचुर मात्रा में होती है ।

घ. कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाईअड्डों में से एक है । यह दुनिया में पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होने वाला प्रथम हवाईअड्डा है ।

3. क. 1 नवंबर 1956 ग. 50 प्रतिशत
   ख. मलयालम घ. गुरुवायुर मंदिर

**शब्द संग्रह**

1. क. इक — सामाजिक सांस्कृतिक
   ख. ता — विशेषता आधुनिकता

2. क. भारत की **राजधानी** नई दिल्ली है ।
   ख. मानव शरीर **प्रकृति** के पाँच तत्वों से बना है ।
   ग. भारत की **आबादी** विश्व में दूसरे स्थान पर है ।
   घ. **शिक्षा** हम सभी के उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक उपकरण है ।

• क. तमिलनाडु राज्य की स्थापना 26 जनवरी 1950 को हुई थी ।
  ख. 'मरीनाबीच' तमिलनाडु के चेन्नई शहर में स्थित है ।
  ग. तमिलनाडु का शास्त्रीय नृत्यनाटक भरतनाट्यम है ।
  घ. संसार, जगत ।

**भाषा कौशल**

1. क. चित्त, विचार ग. अनोखा, अनुपम
   ख. सागर, जलधि घ. उत्सव, त्योहार

2. क. कुरूप ग. निरक्षरता
   ख. अशांत घ. असंभव

क. चाल, दशा          ग. किनारा, बाण

ख. शिक्षक, बड़ा          घ. सामान्य, एक फल

- क. बच्चा इतना हँसा **कि** वह फर्श पर गिर गया ।

  ख. जलते हुए दीपों **की** पंक्ति को दीपमाला कहते हैं ।

  ग. अध्यापक ने कहा **कि** वे कल हिंदी पढ़ाएँगे ।

  घ. उदय होते सूर्य **की** लालिमा अलौकिक होती है ।

## 6. अब्राहम लिंकन का शिक्षक को पत्र

- क. अब्राहम लिंकन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति थे ।

  ख. अब्राहम लिंकन ने अपने बेटे के शिक्षक को पत्र लिखा था ।

  ग. एक शत्रु के अंदर मित्र बनने की संभावना हमेशा बनी रहती है ।

  घ. बुरे मनुष्य के अंदर भी कुछ अच्छाइयाँ छिपी हो सकती हैं ।

1. क. शिक्षक के सान्निध्य में विद्यार्थी ईश्वर पर भरोसा करते हुए समाज के कल्याण हेतु सुपथ पर सदा अग्रसर रहने की योग्यता अर्जित कर सकता है ।

   ख. परिश्रम से कमाया हुआ एक डॉलर, सड़क पर मिले पाँच डॉलर से ज्यादा महत्व रखता है ।

   ग. विद्यार्थी देश के प्रति समर्पित भावना रखकर देश का नेतृत्व कर सकते हैं ।

   घ. मन के विकार जैसे - काम, क्रोध, लोभ, माया और ईर्ष्या से दूर रहकर अपने में प्रसन्न रहा जा सकता है ।

2. क. पिता होने के नाते अब्राहम लिंकन की यही कामना थी कि उनका पुत्र संस्कारवान, सदाचारी और सुशिक्षित बने । वह ऐसी क्षमता से संपन्न हो जिससे उसके जीवन में आने वाली बाधाएँ अवरोध उत्पन्न न कर सकें ।

   ख. उन्नत जीवन के लिए दो आवश्यक जीवन मूल्य इस प्रकार हैं -

   - सदाचार, विश्वास, प्रेम और साहस के महत्व को वह समझ सके ।
   - सज्जन लोगों के साथ विनम्र और बुरे लोगों के साथ सख्त स्वभाव रखने की बात समझ में आ जाए ।

ग. शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति प्रेम होना भी आवश्यक है जिससे हम उड़ते पक्षियों तथा पुष्पों पर मँडराती मधुमक्खियों एवं हरे-भरे पहाड़ों पर पड़ती सूरज की किरणों आदि के प्राकृतिक आनंद का अनुभव कर सके ।

3. क. 'मेरे' शब्द अब्राहम लिंकन के लिए प्रयुक्त हुआ है ।

ख. अब्राहम लिंकन का पुत्र अपनी शिक्षा प्रारंभ कर रहा है ।

ग. शिक्षा एवं विनम्र व्यवहार से विद्यार्थी सहज जीवन जीने का अभ्यास कर सकता है ।

घ. स् + उ + श् + इ + क्ष् + इ + त् + अ

4. क. सोलहवें ख. अंग्रजी

**शब्द संग्रह**

1. क. पानी, प्राण ग. स्वभाव, कुदरत

ख. प्रतिलिपि, अनुकरण घ. धन, भ्रम

2. क. **'ता' युक्त शब्द** ख. **'सत्' युक्त शब्द**

| | |
|---|---|
| सफलता | सदाचार |
| योग्यता | सज्जन |

**भाषा कौशल**

1. क. अपेक्षा ख. कपाट ग. और

घ. समान ड. कर्म

2. क. **बारिश** का मौसम किसानों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

मोहन अपने घर का इकलौता **वारिस** है ।

ख. सूर्यमंडल में कुल नौ **ग्रह** हैं ।

आज राकेश के घर में **गृह** प्रवेश की पूजा है ।

ग. मदर टेरेसा एक **उदार** व्यक्तित्व की महिला थी ।

हमें **उधार** पर लिया हुआ धन समय से लौटा देना चाहिए ।

घ. रोहन को आम का **आचार** बहुत पसंद है ।

जीवन को सफल बनाने के लिए शुद्ध **आचार** का पालन आवश्यक है ।

ङ. नमन **और** रमन पुराने मित्र हैं ।

हमें अपने लक्ष्य की **ओर** सदैव अग्रसर रहना चाहिए ।

3. क. सत्याग्रह गांधी जी का अचूक हथियार था ।

ख. मितव्ययी हमेशा सुखी रहता है ।

ग. आस्तिक कभी निराश नहीं होता ।

घ. वाचाल निंदा का पात्र होता है ।

ङ. सम्मेलन में वक्ता एक नवयुवक था ।

## 7. कलम, आज उनकी जय बोल

- क. कविता 'कलम, आज उनकी जय बोल' के कवि का नाम रामधारी सिंह दिनकर है ।

ख. लघुदीपों ने स्नेह नहीं माँगा ।

ग. युद्ध में जाते सैनिकों के साक्षी सूर्य-चंद्र, भूगोल-खगोल हैं ।

1. क. धरती हमारे वीर सैनिकों की शेर जैसी ललकार सुनकर सहम गई ।

ख. कविता में कलम शब्द का अभिप्राय कवि की लेखनी से है ।

ग. इतिहास को चमक-दमक के कारण अंधा हो चुका बताया गया है, इतिहास हमारे वीर सैनिकों का प्रमाण नहीं है, बल्कि सूरज, चाँद, भूगोल आदि हमारे वीर सैनिकों के साक्षी हैं ।

2. क. कवि ने अगणित लघुदीप वीर सैनिकों को कहा है, जो युद्ध के दौरान शत्रु सेना से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए ।

ख. वीर सैनिक अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना पुण्यवेदी पर अपने को न्योछावर करने के लिए चढ़ गए ।

ग. सैनिक जो वीरगति को प्राप्त हो चुके हैं, उन सैनिकों का बहता रक्त पुण्यवेदी पर शिखाओं जैसा दिख रहा है, और धरती इस रक्त को पीकर आग की लपटें उगल रही अर्थात् क्रोधित हो रही है ।

3. क. कलम को वीर सैनिकों का जयगान करने के लिए कहा गया है ।

ख. सैनिकों ने मातृभूमि के लिए अपने जीवन का बलिदान किया ।

ग. इस पद्यांश के कवि का नाम - 'रामधारी सिंह दिनकर' है ।

4. क. कलम ख. शहीद सैनिक

**शब्द संग्रह**

1. क. मोल - बोल     ख. शिखाएँ - दिशाएँ
   ग. भूगोल - खगोल,

2. क. सभी सैनिक एक स्वर में बोले - 'भारत माता की **जय** ।'
   ख. **लघु** उद्योग की श्रेणी में वे काम-धंधे आते हैं, जिनमें श्रम की प्रधानता होती है ।
   ग. चाचा नेहरू को बच्चों से बहुत **स्नेह** था ।
   घ. **धरती** माँ की रक्षा करना हर मनुष्य का मुख्य कर्तव्य है ।

3. क. जीत, विजय     ख. प्रेम, प्रीति     ग. गौरव, बड़ाई
   घ. मुख, चेहरा     ड. अल्प, छोटा     च. भूमि, पृथ्वी
   छ. साक्षी, दोस्त     ज. सूरज, दिनकर

**भाषा कौशल**

1.

| **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **जातिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|
| सूर्य | दिशा | दयालुता |
| धरती | कलम | महिमा |
| चन्द्र | डॉक्टर | स्नेह |

- क. सफलता     ख. लिखावट     ग. मिठास
  घ. अहंकार     ड. पढ़ाई

## 8. हृदय परिवर्तन

- क. बाबा भारती अपने घोड़े को सुल्तान कहकर पुकारते थे ।
  ख. खड़गसिंह एक कुख्यात डाकू था ।
  ग. बाबा भारतीगाँव के बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते थे ।
  घ. बाबा भारती की रातों की नींद सुल्तान की रखवाली में कटने लगी ।

1. क. बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर ऐसा आनंद आता था जैसे माँ को अपनी संतान और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर आता है ।
   ख. बाबा भारती सुल्तान की चाल देखकर अक्सर कहा करते थे कि सुल्तान ऐसे चलता है जैसे मोर काली घटा को देखकर नाच रहा हो ।

ग. खड़गसिंह ने बाबा भारती से कहा कि 'मैं यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा ।' यह बात सुन बाबा भारती सहम गए ।

घ. बाबा भारती द्वारा कि गई विनती 'तुम इस घटना को किसी के सामने प्रकट न करना !' सुनकर खड़गसिंह का मुख आश्चर्य से खुला रह गया ।

2. क. विकलांग ने बाबा भारती से हाथ जोड़कर कहा, 'मुझ दुखियारे पर दया करो । रामावाला यहाँ से तीन मील है; मुझे वहाँ जाना है । घोड़े पर चढ़ा लो; परमात्मा भला करेगा ।'

ख. बाबा भारती ने घोड़े से उतरकर उस विकलांग को घोड़े पर बिठाया और स्वयं उसकी लगाम पकड़कर धीरे-धीरे चलने लगे ।

ग. जब खड़गसिंह ने एक दुखियारे का वेष धारण कर, धोखे से बाबा भारती का घोड़ा हथिया लिया था, इस घटना का वर्णन करने से बाबा भारती ने खड़गसिंह से मना किया क्योंकि फिर कोई भी दीन-दुखियों पर दया नहीं करेगा ।

घ. घोड़े की हिनहिनाहट सुनकर बाबा भारती आश्चर्य और प्रसन्नता से दौड़ते हुए अस्तबल के अंदर घुसे और घोड़े के गले से लिपटकर इस प्रकार रोने लगे मानो कोई पिता बहुत दिनों से बिछड़ी हुई अपनी संतान से मिल रहा हो। बार-बार वे उसकी पीठ पर हाथ फेरते एवं उसके मुँह पर थपकियाँ देते, फिर वे संतोष से बोले,'अब कोई दीन-दुखियों से मुँह न मोड़ेगा ।'

3. क. बाबा भारती ने खड़गसिंह से कहा

ख. खड़गसिंह ने बाबा भारती से कहा

ग. विकलांग ने बाबा भारती से कहा

घ. बाबा भारती ने खड़गसिंह से कहा

4. क. बाबा भारती का　　ग. वैद्य

ख. खड़गसिंह　　घ. अस्तबल में

**शब्द संग्रह**

1. क. स्वीकार　　ख. दानवता　　ग. निकृष्ट

घ. घमंड　　ड. असावधानी　　च. अप्रसन्नता

2. क. आनंद　　ख. प्रसन्नता　　ग. प्रेम

घ. चीख　　ड. निराशा

**भाषा कौशल**

- क. मैं पुरुषवाचक ग. क्या प्रश्नवाचक
  ख. यह निश्चयवाचक घ. अपने निजवाचक

- क. मेरा मित्र कहानी पढ़ने का शौकिन है और वह प्रेमचंद पर लट्टू है ।
  ख. बेटे की सरकारी नौकरी लगने पर गुप्ता जी फूले न समा रहे थे ।
  ग. दौड़ प्रतियोगिता में पी.टी. ऊषा वायु वेग सी उड़ती है ।
  घ. उदय की नौकरी में तरक्की देख उसके सहकर्मियों के हृदय में साँप लोटने लगे ।
  ड. जो मित्र मुसीबत के समय मुँह मोड़ ले वो सच्चा मित्र नहीं होता है ।

# 9. सफलता का रहस्य – अनुशासन

- क. अनुशासन मनुष्य जीवन का मूल मंत्र है ।
  ख. अनुशासन दो प्रकार का होता है ।
  ग. चीटियाँ पंक्तिबद्ध होकर चलती हैं ।
  घ. संस्कार हमें जीवन जीने के योग्य बनाते हैं ।

1. क. बाह्य अनुशासन हमें बाहरी समाज से मिलता है, यह बाहरी दबावों जैसे भय अथवा दंड के कारण उत्पन्न होता है ।
   ख. अनुशासन के अभाव में हमें अत्यधिक विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है । हम अपनी पारिवारिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा से न केवल वंचित रह जाते हैं अपितु समाज में हम कोई योगदान भी नहीं दे पाते ।
   ग. गुरुकुल तथा आश्रम में शिक्षा नियमानुसार दी जाती है ।
2. क. दोनों प्रकार के अनुशासन में आत्मिक अनुशासन श्रेष्ठ है क्योंकि इसमें व्यक्ति स्वेच्छा से अनुशासित रहता है ।
   ख. प्रकृति में अनुशासन विभिन्न प्रकार से दिखाई देता है जैसे – दिन-रात का क्रम, ऋतुओं में परिवर्तन, मौसम के अनुसार फल-फूल लगना आदि सभी प्रकृति में अनुशासन के ही स्वरूप हैं ।

ग. सफलता के लिए तीन संकल्प निम्नलिखित हैं -

- समय पर नियमित व्यायाम करेंगे ।
- कार्यों को समय पर पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे ।
- बुरी आदतों एवं व्यर्थ के कार्यों से दूरी बनाकर रखेंगे ।

3. क. 'उचित समय आने पर भी जो लोग अपना कार्य टाल देते हैं समय उनकी सफलता को टाल देता है ।' अर्थात् हमें अपना हर काम समय पर करना चाहिए, काम को कभी टालना नहीं चाहिए, कहा भी गया है, कल करे सो आज कर, आज करे सो अब, हमें यह कभी भूलना नहीं चाहिए, हमेशा अपना काम समय पर करना चाहिए । जो लोग ऐसा नहीं करते समय उनकी सफलता को भी टाल देता है ।

ख. अनुशासन ही विद्यार्थी में अच्छा नागरिक बनने की योग्यता ला सकता है अर्थात् हमें अनुशासित दिनचर्या का पालन करना चाहिए । सभी नियमों का क्रमबद्ध पालन करने से ही विद्यार्थी में अच्छा नागरिक बनने की योग्यता आ सकती है ।

4. क. नियमों का क्रमबद्ध पालन करना

ख. दिन-रात का क्रम

ग. हाथी

**शब्द संग्रह**

1. क. महिमा ख. प्राण ग. प्रगति
घ. राह ड. ऋतु च. पुराना
छ. कुदरत ज. गहना

2. क. असफलता ख. घटाना ग. अनावश्यक
घ. कुरूप ड. कोमल च. विनाश
छ. अवनति ज. अवज्ञा

3. क. भाग्यशाली ख. वैभवशाली
ग. बलशाली घ. प्रतिभाशाली

**भाषा कौशल**

1. क. ताले　　ख. साइकिलें　　ग. कलाएँ

   घ. घड़ियाँ　　ड. वस्तुएँ　　च. कुर्सियाँ

   छ. बच्चे　　ज. रुपये

2. क. एकवचन　　ख. एकवचन

   ग. बहुवचन　　ख. बहुवचन

# 10. सीखने की योग्यता

- क. शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी ।

  ख. वृद्ध माँ झोपड़ी में अपने पौत्र मनु के साथ रहती थी ।

  ग. दोनों युवकों ने झोपड़ी में आसरा लेने के लिए प्रवेश किया था ।

  घ. वृद्ध माँ ने खाने में भात परोसा ।

1. क. राही रास्ता भटक गए थे उन्होंने वृद्ध माँ की झोपड़ी में शरण ली ।

   ख. मनु शिवाजी महाराज की सेना में इसलिए भर्ती होना चाहता था क्योकि वह उनकी तरह स्वराज्य के लिए लड़ना चाहता था ।

   ग. लोग आस लगाए बैठे हैं कि शिवाजी महाराज सबको आदिलशाह की गुलामी से आजाद कराएँगे, यूनानियों की क्रूरता से बचाएँगे और हमें स्वराज्य दिलाएँगे ।

   घ. राजदरबार में शिवाजी महाराज को देखकर मनु ने चौंककर कहा अरे, ये तो वही हैं, जो पिछले दिनों राह भटककर हमारे घर आए थे ।

   ड. शिवाजी महाराज ने वृद्ध माँ को अंगवस्त्र और स्वर्णमुद्रा देकर सम्मानित किया और मनु को एक तलवार और एक घोड़ा भेंट में दिया ।

2. क. शिवाजी महाराज ने भूख से व्याकुल होकर जल्दी खाने के चक्कर में गरम भात को अपनी अँगुलियों से उठा लिया और अपनी अँगुलियाँ जला बैठे ।

   ख. शिवाजी महाराज ने वृद्ध माँ को आसन पर बिठाकर उनसे कहा- माँ तुमने मेरी आँखें खोल दीं । अनजाने में मुझे बहुत बड़ी सीख दी है। अब गरम-गरम भात को बीच में से उठाकर कभी नहीं खाऊँगा । तुम्हारा यह शिवाजी, पहले छोटे-छोटे किलों को जीतकर सशक्त बनेगा, फिर अपनी शक्ति बढ़ाकर बड़े-बड़े किलों एवं गढ़ों को जीतेगा ।

ग. संदेशवाहक ने शिवाजी महाराज को खुशी का समाचार देते हुए कहा कि तोरण दुर्ग को जीत लिया गया है । उसकी खुदाई में धन-दौलत से भरे ताँबे के पात्र मिले हैं ।

घ. वृद्ध माँ ने शिवाजी महाराज को आशीर्वाद देते हुए कहा यशस्वी भव ! माँ भवानी तुम्हारे ही हाथों से इस देश को दुष्ट एवं अत्याचारी शासकों की गुलामी से मुक्त कराएँगी ।

3. क. वृद्ध माँ ने मनु से कहा ।

   ख. वृद्ध माँ ने युवकों से कहा ।

   ग. शिवाजी महाराज ने वृद्ध माँ से कहा ।

   घ. सेवक ने शिवाजी महाराज से कहा ।

4. क. झोपड़ी में     ग. तीन

   ख. माँ     घ. ताबें के पात्र

**शब्द संग्रह**

1. क. बाहर     ख. दिन     ग. नाटा

   घ. मूर्ख     ड. निकास     च. दंड

2. क. झोपड़ी     ख. तेजस्वी     ग. स्वराज्य

   घ. अँगुलियाँ     ड. मजबूत     च. खुदाई

- क. सफलता हमारी सोच पर निर्भर करती है ।

  ख. सकारात्मक सोच हमें आशावादी बनाती है और हमें स्वयं पर विश्वास करने का साहस प्रदान करती है ।

  ग. भय और तनाव से मुक्त रहने के लिए सकारात्मक सोच रखनी चाहिए ।

  घ. नकारात्मक सोच किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पहले ही हमें हतोत्साहित कर देती है कि 'यह काम मुझसे नहीं होगा' और हम हार मान लेते हैं ।

  ड. नकारात्मक, आसान ।

**भाषा कौशल**

1. क. स्त्रीलिंग　　ख. पुल्लिंग　　ग. स्त्रीलिंग
   घ. पुल्लिंग　　ङ. स्त्रीलिंग　　च. पुल्लिंग

2. क. **कवयित्री** ने सभा में एक कविता सुनाई ।
   ख. **बालक** ने अपनी कक्षा में प्रवेश किया ।
   ग. **मालन** ने प्रात: ही पौधों को पानी दे दिया था ।
   ङ. **प्रधानाध्यापिक** ने विजेताओं को पुरस्कार बाँटे ।

- क. सरल वाक्य　　घ. सरल वाक्य
  ख. मिश्रित वाक्य　　ङ. मिश्रित वाक्य
  ग. संयुक्त वाक्य　　च. संयुक्त वाक्य

# 11. जीवन का झरना

- क. 'जीवन का झरना' कविता के कवि का नाम आरसी प्रसाद सिंह है ।
  ख. जीवन की तुलना कवि ने निर्झर से की है ।
  ग. नाविक तट पर बैठा पछताता है ।

1. क. झरना पहाड़ियों से निकलकर घाटी में बहता है ।
   ख. यौवन हमें आगे बढ़ने की शिक्षा देता है । आगे चलकर क्या होगा इसकी चिंता किए बिना, निरंतर आगे बढ़ने की शिक्षा देता है ।
   ग. झरना लक्ष्य तक पहुँचने के लिए पथ की बाधाओं से लड़ते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने और पीछे मुड़कर न देखने का संदेश देता है ।

2. क. झरना जब पहाड़ियों के अंदर से निकलता है तो रास्ते के पत्थरों से लड़ता है, जंगल के पेड़ों से टकराकर वह अपने लिए रास्ता बनाता है बहुत ऊँची चट्टानों पर चढ़ता है । इन सब बाधाओं को पार करता हुआ प्रकृति को हरियाली प्रदान करता है ।
   ख. कविता में नाविक उठती-गिरती लहरों से परेशान है । यह लहरें व्यक्ति के सुख-दुख का प्रतीक है । कवि हमें यह संदेश देना चाहता है कि हमें कष्टों व संकटों से घबराना नहीं चाहिए अपितु डटकर उनका सामना करना चाहिए ।

3. क. पानी　　　ग. खीचें

   ख. चलने की　　　घ. तट पर

**शब्द संग्रह**

1. क. मनमानी　　　ग. जाता

   ख. मदमाता　　　घ. चलकर

2. क. सच्चा मित्र वही होता है जो हर **सुख-दुख** में आपका साथ दे ।
   ख. वर्षा के आते ही सुंदर मोर **मस्ती** से नाचने लगे ।
   ग. संध्या के समय गंगा की **लहरें** अत्यंत नयनाभिराम प्रतीत होती हैं ।
   ङ. हमें सदैव अपने से बड़ों का **मान**-सम्मान करना चाहिए ।

- क. पेड़ स्वयं धूप में खड़े रहकर हमें छाया देते हैं ।
  ख. हमें पेड़ से प्राणवायु मिलती है ।
  ग. विशुद्ध ।
  ङ. छाँह - बाँह, हमारी - सारी

**भाषा कौशल**

1. क. कर्ता　　　ग. करण

   ख. करण　　　घ. अधिकरण

2. क. ने　　　ग. हे

   ख. में　　　घ. से

# 12. फूल का मूल्य

- क. ठंड की प्रचंड़ता के कारण पौधे पुष्पविहीन हो चुके थे।
  ख. सुदास फूल की सुंदरता देख मंत्रमुग्ध हो उठा ।
  ग. महात्मा बुद्ध नगर के उपवन में वट वृक्ष के नीचे विराजमान थे ।
  घ. महात्मा बुद्ध के चरणों में राजा, रमन और सुदास पुष्प अर्पित करना चाहते थे ।

1. क. वह मनचाहा पुरस्कार पाने की कामना लिए सोचता चला जा रहा था।
   ख. माली के पास पुष्प देखकर राजा मन ही मन सोचने लगे, उनकी पूजा की थाली में जो पुष्प की कमी थी अब वह भी पूरी हो जाएगी ।

ग. उपवन में पहुँचकर सुदास ने वट वृक्ष के नीचे महात्मा बुद्ध को पदमासन लगाए ध्यानमग्न अवस्था में बैठे हुऐ देखा ।

घ. प्रसन्न मुद्रा में बैठे महात्मा बुद्ध ने सुदास से पूछा, 'वत्स तुम क्या चाहते हो' ।

2. क. सरोवर में खिले कमल को देखकर सुदास ने विचार किया कि यदि मैं यह पुष्प ले जाकर राजा प्रसेनजीत को भेंट करूँ तो वे आनंदित हो उठेंगे । हमारे राजा सुंदर पुष्प की महत्ता को समझते हैं । शीतऋतु में जब पुष्पों का अभाव होता है, तब वे इतने मनमोहक पुष्प को देखकर मुझे मनचाहा पारितोषिक अवश्य देंगे ।

ख. प्रस्तुत पंक्तियाँ रमन ने सुदास से कही जब वह उनसे पुष्प को खरीदना चाहता था, रमन महात्मा बुद्ध के दर्शन को जा रहा था, मार्ग में सुदास के हाथ में मोहक पुष्प देखकर उसने सुदास से ऐसा इसलिए कहा क्योंकि सुदास तो केवल पुष्प राजा को देना चाहता था और रमन वह पुष्प राजाओं के भी राजा - महात्मा बुद्ध को अर्पित करना चाहता था ।

ग. राजा प्रसेनजीत और रमन की बात सुनकर सुदास ने दोनों से क्षमा मागते हुए कहा कि मुझे यह पुष्प अब नहीं बेचना है इतना कह कर सुदास पुष्प को लेकर महात्मा बुद्ध के स्थान की और चल पड़ा ।

घ. महात्मा बुद्ध को देखकर सुदास भाव-विभोर होकर निर्निमेष दृष्टि से उन्हें निहारने लगा । उसका तन-मन अलौकिक सुख की अनुभूति कर रहा था । उसने आदरपूर्वक उनके चरणों में वह फूल अर्पित कर दिया।

3. क. राजा महात्मा बुद्ध के चरणें में पुष्प अर्पित करना चाहते थे ।

ख. पुष्प सुदास के हाथ में था ।

ग. ईश्वर की दृष्टि में सभी भक्त एक समान होते हैं ।

4. क. कमल का — ग. महात्मा बुद्ध

ख. राजा — घ. वट

**शब्द संग्रह**

1. क. रमणीक, मनोहर — ग. ठंड, सर्दी

ख. फूल, कुसुम — घ. वाटिका, उद्यान

2. उदासी    प्रसन्नता    आनंदित    महत्ता

**भाषा कौशल**

1. **विशेषण** **विशेष्य**

| | |
|---|---|
| क. सुंदर | पुष्प |
| ख. दस स्वर्ण | मुद्राएँ |
| ग. अलौकिक | सुख |
| घ. अद्भुत | तेज |
| ड. सभी | भक्त |

2. क. पाँच ग. बावन

ख. एक तोला घ. थोड़ा

# 13. स्वच्छता और पर्यावरण

- क. हमारे पर्यावरण के मुख्य तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी हैं ।

ख. सभी प्राणी वायुमंडल से ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं ।

ग. प्रदूषण से धीरे-धीरे जमीन अनुपजाऊ हो जाती है ।

घ. तीव्र ध्वनि को 'शोर' कहते हैं।

1. क. पर्यावरण का सीधा संबंध हमारे चारों ओर के स्थान, वस्तुओं, जल, वायु, जीव-जंतु, पेड़-पौधों आदि से होता है।

ख. जंगल की आग, ज्वालामुखी विस्फोट, आँधी-तूफान, धुआँ आदि वायु प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख प्राकृतिक कारण रहे हैं ।

ग. प्रदूषित जल में अनेक प्रकार के विषाणु उत्पन्न हो जाते हैं। इससे हैजा, टाइफाइड, डायरिया, पीलिया आदि रोग हो सकते हैं। इसका यकृत, गुर्दे एवं मानव मस्तिष्क आदि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है ।

घ. ध्वनि किसी वस्तु के कंपन से उत्पन्न होती है ।

2. क. निरंतर बढ़ते हुए उद्योगों से निकलती विषैली गैसें, वाहनों से निकलता धुआँ, निर्माण कार्यों से उत्पन्न धूल आदि कार्य वायु प्रदूषण को बढ़ाने में सहायक हो रहे हैं ।

ख. जल के बिना जीवन की परिकल्पना करना असंभव है । खाने-पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, साफ-सफाई आदि अनेक उद्‌दश्यों को

पूरा करने के लिए जल की आवश्यकता होती है । बाँधों, झीलों, नदियों, तालाबों आदि के रूप में जल संचित होता है । पेयजल का दिन-प्रतिदिन अभाव होता जा रहा है, जिसका कारण जल में बढ़ता प्रदूषण है ।

ग. प्रदूषित भूमि पर उत्पन्न होने वाले अनाज, साग-सब्जियों, वृक्षों, वनस्पतियों आदि के गुणों में न्यूनता आ जाने से स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है ।

घ. जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों का उपयोग किया जा रहा है । नदियों, जलाशयों आदि की सफाई ट्रैश स्कीमर मशीनों द्वारा की जा रही है ।

3. क. कूड़े-कचरे को ट्रॉमेल मशीन द्वारा अलग-अलग किया जाता है ।
   ख. रीसायकल किए जाने योग्य कचरे को पुनः उपयोग में ले लिया जाता है ।
   ग. कूड़े से खाद, बिजली, ईंट आदि का निर्माण किया जा रहा है ।
   घ. रोड स्वीपिंग मशीन का कार्य सड़कों को साफ करना है ।

4. क. कार्बन डाईऑक्साइड
   ख. जल प्रदूषण
   ग. स्मॉग टॉवर

**शब्द संग्रह**

1. क. स्वच्छ ग. हानिकारक
   ख. कानों घ. उपयोग

2. स्वच्छ → छायादार → रूपवान → नीला → लम्बा → बहादुर → रमणीय

**भाषा कौशल**

- 

| | **क्रिया** | **भेद** |
|---|---|---|
| क. | व्यायाम | सकर्मक |
| ख. | गाती | अकर्मक |
| ग. | पूजा | सकर्मक |
| घ. | दौड़ता | अकर्मक |
| ड. | शोर | सकर्मक |
| च. | नाचती | अकर्मक |

1. क. वर्तमान काल    घ. भूतकाल
   ख. भविष्यत् काल    ङ. वर्तमान काल
   ग. वर्तमान काल    च. भविष्यत् काल

2. क. पिता बच्चों को हिंदी पढ़ा रहे थे ।
   ख. वे कल कानपुर जाएँगे ।
   ग. पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं ।

# 14. शिक्षाप्रद दोहे

- क. मनुष्य के दोषों का आदि-अंत नहीं है ।
  ख. वाणी एक अमूल्य रत्न है ।
  ग. वृक्ष अपने फल स्वयं नहीं खाते हैं ।
  घ. एक बार टूट जाने पर रिश्तों में गाँठ पड़ जाती है ।

1. क. मनुष्य का स्वभाव केवल दूसरों के दोष देखकर उन पर हँसना और उपहास उड़ाना है । उसे अपने दोष दिखाई नहीं देते हैं जिनका न आरंभ है न अंत है ।
   ख. किसी भी कार्य को आवश्यकता से अधिक करना दु:खदायक हो जाता है ।
   ग. परोपकार सज्जन व्यक्ति की पहचान है ।

2. क. निंदा करने वालों को हमें अपने समीप इसलिए रखना चाहिए क्योंकि वह लोग साबुन-पानी के बिना ही हमारे स्वभाव के दोषों को दूर कर देते हैं अर्थात् हमारी कमियाँ बताकर हमारे स्वभाव के दोषों को दूर करने में एवं हमारे विचारों को पवित्र करने में हमारी सहायता करते हैं ।
   ख. वाणी एक अनमोल रत्न है, हमें हमेशा सोच-समझकर मधुर बोलना चाहिए । हमारी वाणी ऐसी होनी चाहिए कि सुनने वाला हर्षित हो जाए ।
   ग. रहीमदास जी कहते हैं कि प्रेम का नाता अत्यंत कोमल होता है। हमें इसे तोड़ने से पूर्व बार-बार सोचना चाहिए, क्योंकि संबंधों में एक बार खटास आने पर पहले जैसी मधुरता नहीं रह पाती ।
   घ. समय की परिवर्तनशीलता हमें यह शिक्षा दे रही है कि समय के अनुसार सुख और दुख आते-जाते रहते हैं । हमें सुख आने पर गर्व नहीं करना चाहिए और दुःख आने पर उदास नहीं होना चाहिए ।

**शब्द संग्रह**

1. क. अंत　　ग. सुजान　　ङ. सुभाय
   ख. आनि　　घ. जाय　　च. तरवारि

2. क. आदि　　ग. दुर्जन
   ख. मलिन　　घ. घृणा

3. क. रसखान　　ग. रविदास　　ङ. गुरूनानक
   ख. सूरदास　　घ. तुलसीदास

**भाषा कौशल**

- क. अधिक　　ग. बाहर
  ख. हमेशा　　घ. धीरे

- क. के अंदर　　घ. के बाद
  ख. के निकट　　ङ. के नीचे
  ग. के सामने

# 15. शिक्षा का महत्व

- क. राजन के परिवार में उसकी पत्नी निर्मला, पुत्र अजय एवं पुत्री किरण थे ।
  ख. पढ़ा-लिखा न होने के कारण राजन शिक्षा के महत्व को नहीं समझता था ।
  ग. स्थानीय विद्यालय से कुछ शिक्षक गाँव में आए थे ।
  घ. वर्तमान समय में ऑर्गेनिक खेती का प्रचलन निरंतर बढ़ रहा है ।
  ङ. किसानों को बैंकों से न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध हो जाता है ।

1. क. शिक्षक गाँव वालों के घर जाकर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित कर रहे थे ।
   ख. शिक्षकों की बात सुनकर राजन के चेहरे पर दर्द उभर आया । वह दुःखी होकर बोला, 'क्यों मजाक करते हो, साहब ! हम तो मुश्किल से ही गुजर-बसर कर पाते हैं ।

ग. आधुनिक उपकरण और उच्च गुणवत्ता के खाद-बीज की वजह से राजन की फसलों में कई गुणा बढ़ोतरी होने लगी ।

घ. राजन और उसके परिवार से प्रेरणा पाकर गाँव के अन्य लोग भी अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजने लगे ।

2. क. पढ़-लिखकर अजय ने अपने पिता के पुश्तैनी काम को आगे बढ़ाने के लिए खेती में नवीन उपकरणों का प्रयोग करने की जानकारी प्राप्त कर ली । उसने पिता को बताया कि उन्नत बीज, खाद एवं नवीन उपकरणों का उपयोग कर हम अपने खेतों को अधिक उपजाऊ बना सकते हैं । उसने यह भी बताया कि अब हम आगे अपनी फसल सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रों पर ही बेचा करेंगे ।

ख. राजन का दिमाग भिन्न-भिन्न बातों से उथल-पुथल हो रहा था । वह सोच रहा था कि पढ़ने-लिखने के बाद भी इन्हें नौकरी नहीं मिली तो ये खेती करने लायक भी नहीं रहेंगे ।

ग. खेतों की उपज शिक्षा द्वारा बढ़ायी जा सकती है हम शिक्षा द्वारा नए-नए किस्म के बीजों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, मिट्टी का परीक्षण कराकर खेतों की उपज भी बढ़ा सकेंगे ।

घ. शिक्षा हमें सशक्त और स्वतंत्र सोचने की क्षमता प्रदान करती है । अज्ञान के अँधेरे से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है । चरित्र निर्माण के साथ-साथ व्यक्तित्व को आकार देने में आवश्यक भूमिका निभाती है ।

3. शिक्षा से बुद्धि का विकास होता है, इंसान नई-नई बातें सीखता है । पाठ में हमने देखा किस प्रकार अजय ने शिक्षा अर्जित कर, आधुनिक उपकरण एवं उच्च गुणवत्ता के खाद-बीज के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपनी फसल में कई गुना बढ़ोतरी की, साथ ही वे अपनी फसल सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रों पर ही बेचने लगे इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने लगा ।

4. क. निर्मला　　ग. शिक्षिका

ख. किसान　　घ. सरकारी केंद्रों पर

**शब्द संग्रह**

1. क. मेहनत　　हम कठिन **परिश्रम** करके सफलता प्राप्त कर सकते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| ख. | निर्वाह | मोहन की आमदनी से उसके घर का मुश्किल से ही **गुजारा** हो पाता है । |
| ग. | प्रगति | शिक्षा से व्यक्ति का **विकास** होता है । |
| घ. | अन्न देने वाला | किसान को **अन्नदाता** कहा जाता है । |
| ड. | शिक्षा प्राप्त | **शिक्षित** समाज ही देश को प्रगाति की ओर ले जाता है । |

2.

| | **विशेषण** | **विशेष्य** | | **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|---|---|---|---|
| क. | कुछ | शिक्षक | ग. | व्यावसायिक | प्रशिक्षण |
| ख. | पुश्तैनी | काम | घ. | अधिक | माँग |

**भाषा कौशल**

- क. एवं     ख. और     ग. या

1. क. (—) निर्देशक     घ. (,) अल्प विराम
   ख. (;) अर्ध विराम     ड. (:) विवरण चिह्न
   ग. (!) आश्चर्य चिह्न

2. क. पुत्र दस वर्ष का था और पुत्री की आयु पाँच वर्ष थी ।
   ख. राजन ने उत्तर दिया, 'साहब, पढ़-लिख कर क्या करेंगे?
   ग. आप अपने बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय क्यों नहीं भेजते?
   घ. राजन, पढ़ने के बाद नौकरी ही करना जरूरी नहीं है ।

3. क. जिसे मैंने अपना दोस्त समझा; वही आस्तीन का साँप निकला ।
   ख. वाह ! कितना सुहावना मौसम है ।
   ग. तुलसी ने कहा है — 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई ।'
   घ. वह क्या लिख रहा है?

# 16. उठो, धरा के अमर सपूतो

- क. कविता 'उठो धरा के अमर सपूतो' के कवि का नाम द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी है ।

ख कविता में कवि में युवावर्ग को प्रेरित कर रहा है ।
ग. पक्षी नए स्वरों में गाते हैं ।
घ. गुन-गुन करते भौंरे, मस्त उधर मँडराते हैं ।
ड. नवयुवक नवयुग का आह्वान ज्ञान के सौ दीपक जला के, कर सकते हैं ।

1. क. कविता में कवि युवावर्ग में आशा, विश्वास और नई उमंग भरकर देश को असीम ऊँचाई तक ले जाने के लिए प्रोत्साहित कर, नया निर्माण करने का संदेश दिया है ।
   ख. 'युग-युग के मुरझे सुमनों' से कवि का आशय है मुरझाए हुए अर्थात् हारे हुए लोग जिनमें कवि मुस्कान भरकर नए निर्माण करने का संदेश दे रहा है ।
   ग. कवि कहते हैं कि अब पुन: नया निर्माण करने का समय आ गया है, गुलामी से मुक्त हर एक व्यक्ति के जीवन में प्रतिदिन नई सुबह, सूरज की नई किरण, नई बात, नया प्रकाश हमारे लिए लाती है । हर एक मन में नई उमंग नई तरंग है ।

2. क. धरती के सौंदर्य का वर्णन करते हुए कवि कहते हैं कि भारत रूपी उद्यान की हर एक कली खिल रही है सभी फूल मुस्कुरा रहे हैं । आजादी के सूर्य ने संपूर्ण धरती को प्रकाशित किया है । ऐसा लगता है मानो धरती माँ का शरीर सुनहरा हो गया है ।
   ख. कवि कहते हैं हमारा देश सरस्वती का पवित्र मंदिर है तथा देश के हर बालक को इस मंदिर का रक्षक एवं पुजारी बताया है । बालको को सभी प्रकार का ज्ञान प्राप्त कर देश का उज्जवल भविष्य बनाना है ।
   ग. कविता के माध्यम से कवि हमें यह संदेश देना चाहते हैं कि हमारा देश युवाओं का देश है । हमें अपने देश के पुन: निर्माण के लिए अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर अपने विश्वास, उमंग और कर्त्तव्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए ।

3. क. कवि कहना चाहते हैं कि आजादी की इस सुबह में प्रकृति भी आनंदित है, कवि देश के सपूतों का आवाह्न करते हुए कहते हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश में नया युग आया है, इस नए युग की वीणा में तुम्हें यह नए राग एवं नए गान भरने है ।

ख. कवि कहना चाहते हैं कि संपूर्ण देश में सूर्य का प्रकाश फैला हुआ है, ऐसा लगता है मानो भारत माता का शरीर सुनहरा हो रहा हो । कवि देश के सपूतों का आवाह्न करते हुए कहते हैं कि तुम्हें अपनी मंगलमय वाणी से संसार रूपी उद्यान को गुंजित करना है ।

4. क. गाना गाते हैं
   ख. धरती
   ग. बगीचा

**शब्द संग्रह**

- क. स्फूर्ति - उत्साह, उमंग
  ख. ज्योति - रोशनी, प्रकाश
  ग. फूल - पुष्प, सुमन
  घ. धरती - भूमि, धरा
  ङ. रक्षक - पहरेदार, संरक्षक

**भाषा कौशल**

1. क. चुप!
   ख. अरे!
   ग. वाह!
   घ. छि:!
   ङ. हाय!

2. क. शाबाश! तुमने अच्छा प्रर्दशन किया ।
   ख. वाह! मेरे शेर बच्चे ।
   ग. ओहो! ये क्या किया ।
   घ. क्यों! आखिर तुमने ऐसा क्यों किया ।
   ङ. हाय! उस समय मैं न था ।

## अभ्यास प्रश्न पत्र – 1

1. क. गोरा व्यक्ति डिब्बे में दाखिल होते ही हिंदुस्तानी युवक को देखकर गुस्सा हो गया था ।
   ख. हिंदुस्तानी युवक ने गोरे के गुस्से होने पर उससे कहा कि 'मेरे पास पहले दर्जे का टिकट है ।'
   ग. चलती गाड़ी में हिंदुस्तानी युवक को उठाकर बाहर फेंक दिया गया ।
   घ. मोहनदास करमचंद गाँधी ने संकल्प किया कि इस अन्याय और रंगभेद के खिलाफ जीवनभर संघर्ष करूँगा ।

2\. क. कलम को वीर सैनिकों का जयगान करने के लिए कहा गया है ।

ख. सैनिकों ने मातृभूमि के लिए अपने जीवन का बलिदान किया ।

ग. इस पद्यांश के कवि का नाम - 'रामधारी सिंह दिनकर' है ।

3\. क. हरियाली घ. मलयालम

ख. रोलिहलहला ड. बाबा भारती का

ग. बच्चों को च. वैद्य

4\. क. वर्षा ऋतु आने पर प्रकृति में सुंदर पविर्तन होते हैं, वर्षा की प्रथम फुहार से ही सारी मिट्टी महक उठती है, सुंदर मयूर नाचने लगते हैं, कोयल की प्यारी आवाज गूजने लगती है, चारों तरफ हरियाली दिखने लगती है, फसलें, पेड़, डालियाँ आदि सभी मस्ती में झूमने लगती हैं । सूखे नदी-तालाबों को मानो नया जीवन प्राप्त होता है । शीतल पवन सभी विपदाओं को हर लेती है और सभी को प्रसन्न कर देती है ।

ख. कैलाश का उपचार भगत ने किया । एक ओर सहयोगियों ने कैलाश के ऊपर पानी डालना प्रारंभ किया और भगत बीच-बीच में उसे जड़ी-बूटी सुंघाते रहे, धीरे-धीरे कैलाश ने अपने नेत्र खोल लिए ।

ग. राष्ट्रपति बनने के बाद नेल्सन मंडेला का मुख्य उद्देश्य नए संविधान की संरचना करते हुए श्वेत-अश्वेत और स्त्री-पुरुष की समानता पर विशेष बल देना था ।

घ. एक अच्छा इंसान बनने के लिए डॉ. कलाम ने सुझाव दिए कि कठिन परिश्रम तथा आध्यात्म के साथ-साथ संयुक्त वैज्ञानिक व्यवहार तुम्हें एक अच्छा इंसान बनाएगा और दूसरों से अच्छाई प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करो ।

ड. केरल को 'मसालों का प्रदेश' इसलिए कहा जाता है क्योंकि मसालों के उत्पादन में केरल की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है और यहाँ काली मिर्च, सुपारी, हल्दी, जायफल, दालचीनी, इलायची, लौंग की खेती प्रचुर मात्रा में होती है ।

च. वीर सैनिक अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना पुण्यवेदी पर अपने को न्योछावर करने के लिए चढ़ गए ।

छ. जब खड़गसिंह ने एक दुखियारे का वेष धारण कर, धोखे से बाबा भारती का घोड़ा हथिया लिया था, इस घटना का वर्णन करने से बाबा भारती ने खड़गसिंह से मना किया क्योंकि फिर कोई भी दीन-दुखियों पर दया नहीं करेगा ।

6. क. सागर, जलधि — ग. प्रेम, अनुराग
   ख. सूरज, रवि — घ. उत्सव, त्योहार

7. क. राजेंद्र — ग. सतीश
   ख. परोपकार — घ. विद्यालय

8. क. भ्रमण — ग. धैर्य
   ख. तटवर्ती — घ. राष्ट्र

9. क. शुद्धता — ग. हिस्सेदार
   घ. आवश्यकता — घ. मालदार

10. क. कुरूप — ग. निरक्षरता
    घ. अशांत — ड. असंभव

11. क. कि — ख. की
    ग. कि — घ. की

12. क. अमूल्य — ग. अनउपजाऊ
    ख. अदृश्य — घ. विषैला

13.

| **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **जातिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|
| भगवद्गीता | घोड़ा | स्नेह |
| सूर्य | देश | दयालुता |

14.

| **सर्वनाम** | **भेद** |
|---|---|
| क. मैं | पुरुषवाचक सर्वनाम |
| ख. यह | निश्चयवाचक सर्वनाम |
| ग. क्या | प्रश्नवाचक सर्वनाम |
| घ. स्वयं | पुरुषवाचक सर्वनाम |

15. क. बगीचे में **सुंदर** फूल खिले हैं ।

ख. पुलिस ने आंदोलनकारियों को शांति बनाए रखने का **आग्रह** किया ।

ग. हमें अपने बड़ो का **सम्मान** करना चाहिए ।

घ. **शिक्षित** पीढ़ि उन्नत राष्ट्र का निर्माण कर सकती है ।

## अभ्यास प्रश्न पत्र – 2

1. क. मदर टेरेसा द्वारा सन् 1950 में स्थापित संस्था 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' के नाम से जानी जाती है ।

ख. मदर टेरेसा ने अपना संपूर्ण जीवन निर्धन और असहाय लोगों की पीड़ा दूर करने के लिए समर्पित कर दिया ।

ग. मदर टेरेसा को वेटिकन के सेंट पीटर्स स्केवयर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में पोप फ्रांसिस ने संत की उपाधि से सम्मानित किया गया था ।

घ. मदर टेरेसा ने जिस आत्मीयता से देश के दीन-दुखियों की सेवा की, उसके लिए भारतदेश सदैव इनका ऋणी रहेगा ।

2. क. पेड़ स्वयं धूप में खड़े रहकर हमें छाया देते हैं ।

ख. हमें पेड़ों से प्राणवायु मिलती है ।

ग. विशुद्ध ।

ड. छाँह - बाँह, हमारी - सारी

3. क. नियमों का क्रमबद्ध पालन करना — ख. माँ

ग. चलने की — घ. वट

ड. जल प्रदूषण

4. क. प्रकृति में अनुशासन विभिन्न प्रकार से दिखाई देता है जैसे – दिन-रात का क्रम, ऋतुओं में परिवर्तन, मौसम के अनुसार फल-फूल लगना आदि सभी प्रकृति में अनुशासन के ही स्वरूप हैं ।

ख. वृद्ध माँ ने शिवाजी महाराज को आशीर्वाद देते हुए कहा यशस्वी भव ! माँ भवानी तुम्हारे ही हाथों से इस देश को दुष्ट एवं अत्याचारी शासकों की गुलामी से मुक्त कराएँगी ।

ग. झरना जब पहाड़ियों के अंदर से निकलता है तो रास्ते के पत्थरों से लड़ता है, जंगल के पेड़ों से टकराकर वह अपने लिए रास्ता बनाता है बहुत ऊँची

चट्टानों पर चढ़ता है । इन सब बाधाओं को पार करता हुआ प्रकृति को हरियाली प्रदान करता है ।

घ. राजा प्रसेनजीत और रमन की बात सुनकर सुदास ने दोनों से क्षमा मागते हुए कहा कि मुझे यह पुष्प अब नहीं बेचना है इतना कह कर सुदास पुष्प को लेकर महात्मा बुद्ध के स्थान की और चल पड़ा ।

ड. जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों का उपयोग किया जा रहा है । नदियों, जलाशयों आदि की सफाई ट्रैश स्कीमर मशीनों द्वारा की जा रही है ।

च. निंदा करने वालों को हमें अपने समीप इसलिए रखना चाहिए क्योंकि वह लोग साबुन-पानी के बिना ही हमारे स्वभाव के दोषों को दूर कर देते हैं अर्थात् हमारी कमियाँ बताकर हमारे स्वभाव के दोषों को दूर करने में एवं हमारे विचारों को पवित्र करने में हमारी सहायता करते हैं ।

छ. पढ़-लिखकर अजय ने अपने पिता के पुश्तैनी काम को आगे बढ़ाने के लिए खेती में नवीन उपकरणों का प्रयोग करने की जानकारी प्राप्त कर ली । उसने पिता को बताया कि उन्नत बीज, खाद एवं नवीन उपकरणों का उपयोग कर हम अपने खेतों को अधिक उपजाऊ बना सकते हैं । उसने यह भी बताया कि अब हम आगे अपनी फसल सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रों पर ही बेचा करेंगे ।

6. क. भविष्यत्काल ग. वर्तमानकाल
   ख. वर्तमानकाल घ. भविष्यत्काल

7. क. प्रगति, विकास ग. पुराना, पुरातन
   ख. ठंड, सर्दी घ. बगीचा, उद्यान

8. क. आदि ग. विध्वंश
   ख. बाहर घ. निकास

9. क. कलाएँ ग. बच्चे
   ख. घड़ियाँ घ. रुपये

10. **विशेषण** **विशेष्य**

क. सुंदर पुष्प

ख. दस माशा स्वर्ण

ग. मधुर वाणी

घ. अद्भुत तेज

11. क. राजा ने उत्तर दिया, 'साहब, पढ़-लिख कर क्या करेंगे?'

ख. आप अपने बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय क्यों नहीं भेजते?

12. क. मिश्रित वाक्य ग. सरल वाक्य

ख. संयुक्त वाक्य घ. मिश्रित वाक्य

13. क. हवा के झोंके से पानी का उठना और गिरना -

समुद्र के पानी और हवा के बीच घर्षण होने से **लहरें** उत्पन्न होती हैं ।

ख. हर्ष और शोक - सच्चा मित्र वही होता है जो हमारे **सुख-दुख** में साथ दे ।

ग. अन्न देने वाला - भारत में किसान को **अन्नदाता** कहा जाता है ।

घ. शिक्षा प्राप्त व्यक्ति - **शिक्षित** युवा पीढ़ी हि समाज को उन्नति की ओर ले जा सकती है ।